# मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन बोर्ड का पुरस्कार मिला

## चर्चा में क्यों?

**केंद्रीय मंत्री** गजेंद्र सिंह शेखावत ने नई दिल्ली में **इंडिया ट्रैवल अवार्ड्स 2025** में **मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड** (MPTB) को **सर्वश्रेष्ठ राज्य पर्यटन बोर्ड** का पुरस्कार प्रदान किया।

## मुख्य बिंदु

- **पुरस्कार के बारे में:**
  - यह पुरस्कार मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड (MPTB) के पर्यटन क्षेत्र में असाधारण योगदान को सम्मानित करने के लिये प्रदान किया गया है, जिसमें नवाचार, उत्कृष्टता और **सतत् विकास** पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।
  - वर्ष 2017 में स्थापित, मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड **सार्वजनिक-निजी भागीदारी**, सतत् विकास, निवेशकों के लिये सुगमता, **कौशल विकास** और पर्यटन स्थलों के वैश्विक प्रचार के माध्यम से राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देता है।
- **पर्यटन क्षमता:**
  - मध्य प्रदेश प्राचीन मंदिरों, **वन्यजीव अभयारण्यों** और **लोक परंपराओं** का घर है, जो सांस्कृतिक तथा प्राकृतिक अनुभवों का अद्वितीय मिश्रण प्रस्तुत करता है।
  - राज्य की विकसित होती अवसंरचना का उद्देश्य पर्यटकों को विश्व स्तरीय **पर्यटन अनुभव प्रदान** करना, **"भारत के हृदय"** के रूप में इसकी पहचान को और मज़बूत करना तथा ज़िम्मेदार **पर्यटन के लिये वैश्विक केंद्र** के रूप में अपनी पहचान बनाना है।
- **इंडिया ट्रैवल अवार्ड्स:**
  - इंडिया ट्रैवल अवार्ड्स एक **राष्ट्रीय मंच** है, जो यात्रा और आतिथ्य उद्योग में उपलब्धियों को पहचानने तथा सम्मानित करने के लिये स्थापित किया गया है।
  - यह ऑनलाइन मतदान आधारित होने के कारण **निष्पक्षता और पारदर्शिता** सुनिश्चित करता है तथा भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा समर्थित है।

| वर्ष 2025 में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्राप्त पुरस्कारों की सूची | |
|---|---|
| **पुरस्कार** | **श्रेणी / मान्यता** |
| पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य पुरस्कार 2025 | मेले और त्योहारों को बढ़ावा देने के लिये सर्वश्रेष्ठ राज्य |
| पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य पुरस्कार 2025 | प्रचार और प्रसार के लिये सर्वश्रेष्ठ राज्य |
| VETA (बहुमुखी उत्कृष्टता यात्रा पुरस्कार 2025) | प्रमुख विरासत पर्यटन स्थल |
| SATTE 2025, IICC, नई दिल्ली | सर्वश्रेष्ठ राज्य पर्यटन पुरस्कार |
| गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड | **खजुराहो** नृत्य महोत्सव के 51वें संस्करण में सबसे लंबा **शास्त्रीय नृत्य** मैराथन के लिये |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mp-wins-best-tourism-board-award